**C**

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2019**

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2019**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2019 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

Date : 04. 04. 2019 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9 | |
| 1. | प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचाया ? | |
| | **उत्तर :** दुकान में सजे रंगदार, गुलाबी सेब देखकर प्रेमचंद जी का जी ललचाया । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | आज की दुनिया कैसी है ? | |
| | **उत्तर :** आज की दुनिया विचित्र और नवीन है । | 1 |
| 3. | लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर क्यों सोये ? | |
| | **उत्तर :** लेखक अपनी चीजें चोरी हो जाने के डर से पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोये । | 1 |
| 4. | लालिम और किंचा जंगल की ओर क्यों चल पड़े ? | |
| | **उत्तर :** लालिम और किंचा मकान बनाने के बारे में पशुओं से पूछताछ के लिए जंगल की ओर चल पड़े । | 1 |
| 5. | भारत के खेत कैसे हैं ? | |
| | **उत्तर :** भारत के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं । | 1 |
| 6. | एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी ? | |
| | **उत्तर :** एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बिछेंद्री पाल थी । | 1 |
| 7. | यशोदा किसकी कसम खाती है ? | |
| | **उत्तर :** यशोदा गोधन की कसम खाती है । | 1 |
| 8. | कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहा जाता है ? | |
| | **उत्तर :** कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं, इसलिए इसे 'चंदन का आगार' कहा जाता है । | 1 |
| 9. | मुखिया को किसके जैसा होना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** मुखिया को मुख के जैसा होना चाहिए । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5 | |
| | 'क' 'ख' | |
| | अ) सिंगफो i) राम भक्त कवि | |
| | आ) कलाम का जीवन ii) कृष्ण भक्त कवि | |
| | इ) अद्वितीय वास्तकला iii) नगरवासी | |
| | ई) सूरदास iv) सादगी की मिसाल | |
| | उ) समय की पहचान v) गोमटेश्वर की प्रतिमा | |
| | vi) आदिवासी | |
| | vii) सियारामशरण गुप्त | |
| | viii) व्हिस्परिंग गैलरी । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) vi) आदिवासी | 1 |
| | आ) iv) सादगी की मिसाल | 1 |
| | इ) viii) व्हिस्परिंग गैलरी | 1 |
| | ई) ii) कृष्ण भक्त कवि | 1 |
| | उ) vii) सियारामशरण गुप्त । | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5 | |
| 11. | मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ...................... | |
| | **उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 12. | गिल्लू की पूँछ : झब्बेदार : : गिल्लू की आँखें : ...................... | |
| | **उत्तर :** चमकीली | 1 |
| 13. | इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : ...................... | |
| | **उत्तर :** वरदान | 1 |
| 14. | जीभ की तुलना : देहरी से : : राम नाम की तुलना : .................... | |
| | **उत्तर :** दीप से | 1 |
| 15. | भारत माता का वर्णन : मातृभूमि : : आधुनिक मानव का वर्णन : .................... | |
| | **उत्तर :** अभिनव मनुष्य । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28 | |
| 16. | प्रेमचंद जी ने खरीदारी के बारे में क्या चेतावनी दी है ? | |
| | **उत्तर :** खरीदारी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए । अन्यथा धोखा खाने की संभावना रहती है । | 2 |
| 17. | लेखिका के प्रति गिल्लू अपनी भावना कैसे प्रकट करता था ? | |
| | **उत्तर :** लेखिका जब अस्पताल में थीं, तब गिल्लू उदास रहता, अपना प्रिय खाद्य काजू बहुत कम खाता । उनके कमरे का दरवाजा खुलते ही अपने झूले से उस ओर दौड़ता, किंतु वहाँ किसी और को देखकर निराश होकर लौट जाता । लेखिका की अस्वस्थता में उनके तकिए के सिरहाने बैठकर अपने नन्हें पंजों से उनके सिर और बाल सहलाता था । इस प्रकार गिल्लू अपनी भावना प्रकट करता था । ( * किन्हीं दो अंशों का चयन करें । ) | 2 |
| 18. | कलाम का जलालुद्दीन ने नई दुनिया का बोध कैसे कराया ? | |
| | **उत्तर :** जलालुद्दीन हमेशा कलाम को शिक्षित लोगों के बारे में बताते थे । वे वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य, चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते थे । ज्ञान संबंधी इन जानकारियों से कलाम सीमित दायरे से बाहर निकल पाए और उन्हें नई दुनिया का बोध हुआ । | 2 |
| 19. | ई-गवर्नेंस का परिचय दीजिए । | |
| | **उत्तर :** ई-गवर्नेंस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है । प्रशासन पारदर्शी बन सकता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ?<br>**उत्तर :** महिलाएँ पुरुषों से कम नहीं हैं । विद्यार्थी कठिन परिश्रम का महत्व समझते हैं । दृढ़-निश्चय, साहस, धैर्य द्वारा लक्ष्य प्राप्त करने का तत्व समझते हैं । | 2 |
| 21. | आप गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बना सकते हैं ?<br>**उत्तर :**<br>* गाँव की गंदगी दूर करना ।<br>* गाँव के चारों ओर पेड़ लगाना ।<br>* गाँव का कूड़ा एक निश्चित जगह पर डालना ।<br>* परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना ।<br>* इन अंशों द्वारा गाँव 'आदर्श गाँव' बन सकता है ।<br>( * किन्हीं दो अंशों का चयन करें । ) | 2 |
| 22. | कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?<br>**उत्तर :** भारत माता एक हाथ में न्याय पताका लिए हुए है और दूसरे हाथ में ज्ञान दीप सुशोभित है । भारत माता अमरों की जननी है । | 2 |
| 23. | आधुनिक मानव की भौतिक साधना का विवरण कविता के आधार पर दीजिए ।<br>**उत्तर :** आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व को अपने नियंत्रण में कर लिया है । वह नदी, पर्वत, सागर लाँघ सकता है । उसका यान आकाश में जा रहा है । वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है । उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है । | 2 |
| 24. | बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?<br>**उत्तर :** बलराम कहता है कि कृष्ण को माता यशोदा ने जन्म नहीं दिया है । वह मोल लिया गया है । नंद और यशोदा का रंग गोरा है जबकि कृष्ण श्याम ( काला ) वर्ण का है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 25. | लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ? | |
| | **उत्तर :** लेखक की सारी चीजें एक-एक करके चोरी हो गई थीं । उन्हें डर था कि यदि वे और रुके तो वे स्वयं चोरी हो जाएँगे । | 2 |
| 26. | मछली ने दोनों दोस्तों को मकान बनाने के संबंध में कैसी राय दी ? | |
| | **उत्तर :** मछली ने दोनों दोस्तों को राय दी कि उसकी पीठ की पट्टियों को ध्यान से देखें । उसी के समान पेड़ों की पत्तियों को जोड़कर मकान की छप्पर जमा दें । | 2 |
| 27. | मातृभूमि कविता में किन-किन महान विभूतियों का उल्लेख है ? | |
| | **उत्तर :** मातृभूमि कविता में कवि ने उसे अमरों की जननी कहा है । वे कहते हैं कि इस भूमि में गाँधी, बुद्ध और राम जैसी विभूतियों ने जन्म लिया है । | 2 |
| 28. | शनि का उपग्रह 'टाइटन' के बारे में आप क्या जानते हैं ? | |
| | **अथवा** | |
| | शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ? | |
| | **उत्तर :** 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा चंद्र ( उपग्रह ) है । यह हमारे चंद्र से भी काफी बड़ा है । यह बड़ा महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है । इसकी सतह पर अंतरिक्ष यान उतारा जा सकता है । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** शनि ग्रह के चारों ओर वलय ( गोले ) दिखाई देते हैं । प्रकृति ने इस ग्रह को हार के रूप में वलय दिया है । इन वलया के कारण ही शनि सुंदर व मनोहर ग्रह माना गया है । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 29. | मीना मैडम ने अंत में बच्चों को क्या संदेश दिया ? | |
| | **अथवा** | |
| | सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ? | |
| | **उत्तर :** मीना मैडम ने बच्चों से कहा कि वे देश के भावी नागरिक हैं । उन्हें आज से नहीं, अभी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए । इससे उनके हित के साथ-साथ देश का कल्याण भी होगा । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी का कथन है – ''सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।'' | |
| V. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15 | |
| 30. | सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर बहुत खुश था । क्यों ? विवरण दीजिए । | |
| | **उत्तर :** रोबोनिल उनके परिवार के सभी लोगों का काम करता था । वह सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के लिए द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाने, उनके होमवर्क कराने, सक्सेना जी के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा शाम को परिवार के कुत्ते को घुमाने भी ले जाने का काम करता था । | 3 |
| 31. | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । इसके पश्चिम में विशाल अरब सागर है । इस प्रांत के दक्षिण से उत्तरी छोर तक लंबी पर्वतमालाएँ फैली हुयी हैं । ये पश्चिमी घाट कहलाती हैं । इसका कुछ भाग 'सह्याद्रि' कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | 'समय की पहचान' कविता का संक्षिप्त सारांश लिखिए ।<br>**उत्तर :** समय अनमोल है । यह ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है । समय रहते ही हमें अपने सारे काम पूरे कर लेने चाहिए । काम करने के लिए प्राप्त अवसर को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए । काम को टालना नहीं चाहिए । क्योंकि बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता । आलस्य नहीं करना चाहिए । स्वयं पर विश्वास रखते हुए अपने काम को पूरी लगन से करना चाहिए ।<br>( * किन्हीं 3 - 4 अंशों का चयन करें । ) | 3 |
| 33. | 'बाल शक्ति' लघु नाटिका द्वारा बच्चों में किन गुणों को विकसित किया जा सकता है ?<br>**उत्तर :** 'बाल शक्ति' नाटिका द्वारा बच्चों में परस्पर मिल-जुलकर रहने, अनुशासन सीखने, विद्यालय का कार्य करने, स्वच्छता रखने और गाँव को आदर्श गाँव बनाने आदि गुणों का विकास किया जा सकता है । वे आपस में ही सुधार तथा परिवर्तन के गुण भी सीखते हैं । | 3 |
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए :<br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।<br>**उत्तर :** तुलसीदास जी ने कहा है कि दया धर्म का मूल है और पाप का मूल अभिमान है । इसलिए मनुष्य के शरीर में जब तक प्राण है, तब तक उसे अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4 | |
| 35. | पंडित राजकिशोर की परोपकारिता अनुसरणीय है । स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>बसंत के उत्तम गुणों का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>पंडित राजकिशोर का परोपकारी गुण हमारे लिए आदर्श है । वे निःस्वार्थ सेवा करते हैं । वे बसंत की मदद करना चाहते हैं । उसके दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चलते ही वे उसके घर जाकर, डॉक्टर बुलवाकर, अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं । वे बसंत की ईमानदारी, स्वाभिमान और मेहनत के गुण से प्रभावित हैं और उसकी सहायता को तत्पर हैं । हमें इन परोपकार के गुणों का अनुसरण करना चाहिए ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>बसंत मेहनती, स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । बिना परिश्रम के मदद में मिले धन को वह भीख समझता है । इसी गुण के कारण वह अपनी घायल अवस्था में भी पंडित राजकिशोर क पैसे अपने भाई के हाथ भिजवाता है । | 4 |
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4<br>असफलता ..............................................<br>..........................................................<br>..........................................................<br>............................................. भागो तुम ।<br>**अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | तुलसी साथी ................................................ ।<br>................................................ भरोसो एक ।।<br>**उत्तर :**<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।<br>साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।। | 4 |
| | **खण्ड - ख**<br>**( व्याकरण )** | |
| VII. | बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : 10 × 1 = 10 | |
| 37. | 'मुश्किल' का विलोम शब्द है –<br>(A) आसान (B) आसमान<br>(C) कठिन (D) मुलायम ।<br>**उत्तर :** (A) आसान | 1 |
| 38. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –<br>(A) दायरा (B) सड़क<br>(C) रीति (D) पुस्तकें ।<br>**उत्तर :** (D) पुस्तकें | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 39. | 'बेटा' का अन्य लिंग है –<br>(A) सुत (B) बेटी<br>(C) छात्रा (D) पुत्र ।<br>**उत्तर :** (B) बेटी | 1 |
| 40. | 'जलप्रपात' इस समास का उदाहरण है –<br>(A) द्वंद्व (B) द्विगु<br>(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष ।<br>**उत्तर :** (D) तत्पुरुष | 1 |
| 41. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया का शब्द है –<br>(A) पढ़ाई (B) पढ़ाना<br>(C) पढ़ना (D) पढ़वाना ।<br>**उत्तर :** (B) पढ़ाना | 1 |
| 42. | 'अत्यंत' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) गुण<br>(C) वृद्धि (D) यण् ।<br>**उत्तर :** (D) यण् | 1 |
| 43. | इसके बाद क्या करना पड़ेगा<br>इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) पूर्ण विराम (B) विस्मयादिबोधक<br>(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम ।<br>**उत्तर :** (C) प्रश्नवाचक | 1 |
| 44. | भारत ............ नारी का स्थान पूजनीय है ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक होगा –<br>(A) से (B) में<br>(C) पर (D) ने ।<br>**उत्तर :** (B) में | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 45. | 'गात' का समानार्थक शब्द है –<br>(A) गर्दन (B) गाना<br>(C) शरीर (D) आहार ।<br>**उत्तर :** (C) शरीर | 1 |
| 46. | 'फूले न समाना' मुहावरे का अर्थ है –<br>(A) अनुमान लगाना (B) बहुत खुश होना<br>(C) घबरा जाना (D) क्रोधित होना ।<br>**उत्तर :** (B) बहुत खुश होना । | 1 |
| | **खण्ड - ग**<br>**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$<br>एक बार भीमराव अपने भाई के साथ पिता से मिलने जा रहे थे । उन दोनों ने एक बैलगाड़ी किराए पर ली । कुछ दूर जाने के बाद जब गाड़ीवान को पता चला कि बैलगाड़ी में बैठे दोनों लड़के महार जाति के हैं, तो उसने तुरंत गाड़ी रोक दी और उन्हें गाली देते हुए गाड़ी से नीचे उतार दिया । इस अपमान का बच्चों के कोमल मन पर गहरा आघात लगा । इन कटु अनुभवों ने बालक भीम के मन में विद्रोह का ऐसा बीज बो दिया, जिसने समय के साथ-साथ एक सक्रिय ज्वालामुखी का रूप धारण कर लिया । अस्पृश्यता, छुआ-छूत समाज का कलंक है । इन सब बातों पर विचार करते हुए भीम ने समाज में फैली इन कुरीतियों को मिटाने का दृढ़ संकल्प लिया । उन्होंने अपना सारा जीवन अछूतों को समानता और न्याय दिलाने में समर्पित किया । | |
| 47. | दोनों बच्चों ने बैलगाड़ी किराए पर क्यों ली ?<br>**उत्तर :** दोनों बच्चों ने अपने पिता से मिलने जाने के लिए बैलगाड़ी किराए पर ली । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 48. | भीम ने कौन-सा दृढ़ संकल्प लिया ? | |
| | **उत्तर :** भीम ने समाज में फैली अस्पृश्यता, छुआ-छूत जैसी कुरीतियों को मिटाने का दृढ़ संकल्प लिया । | 1 |
| 49. | गाड़ीवान ने दोनों बच्चों को गाड़ी से नीचे किस कारण उतार दिया ? | |
| | **उत्तर :** गाड़ीवान को जब पता चला कि दोनों बच्चे महार जाति के हैं, तो तुरंत गाड़ी रोककर उन्हें गाली देते हुए नीचे उतार दिया । | 1 |
| 50. | भीमराव जी का जीवन किस कार्य के लिए समर्पित था ? | |
| | **उत्तर :** भीमराव जी का जीवन अछूतों को समानता और न्याय दिलान के कार्य के लिए समर्पित था । | 1 |
| 51. | बच्चों के कोमल मन पर अपमान का क्या असर पड़ा ? | |
| | **उत्तर :** इस अपमान का बच्चों के कोमल मन पर गहरा आघात लगा । | 1 |
| IX. | निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5 | |
| 52. | इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी मिटा सकते हैं । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಸಹಾಯದಿಂದ ನಿರುದ್ಯೋಗವನ್ನು ಹೋಗಲಾಡಿಸಬಹುದು. | |
| | Unemployment can be removed by the help of Internet. | 1 |
| 53. | भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಎಮ್ಮೆಯು ಮಿತ್ರರಿಗೆ ಅಸ್ಥಿಪಂಜರವನ್ನು ತೋರಿಸಿತು. | |
| | Buffalo has shown the skeleton to friends. | 1 |
| 54. | मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಮೈಸೂರಿನ ಅರಮನೆ ಕರ್ನಾಟಕದ ವೈಭವದ ಪ್ರತೀಕವಾಗಿದೆ. | |
| | The Palace of Mysore is a symbol of Karnataka's glory. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 55. | बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था ।<br>**उत्तर :**<br>ಬಿಛೇಂದ್ರಿಯ ಜನ್ಮ ಒಂದು ಸಾಮಾನ್ಯ ಕುಟುಂಬದಲ್ಲಿ ಆಯಿತು.<br>Bichendri was born in a middle class family. | 1 |
| 56. | रोबोनिल एक बुद्धिमान रोबोट था ।<br>**उत्तर :**<br>ರೋಬೋನಿಲ್ ಒಂದು ಬುದ್ಧಿವಂತ ರೋಬೋಟ್ ಆಗಿತ್ತು.<br>Robonil was a brilliant Robot. | 1 |
| X. 57. | निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए :<br>अपनी अस्वस्थता को कारण बताकर तीन दिनों की छुट्टी की मंजूरी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए । $1 \times 5 = 5$<br>**अथवा**<br>अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए माताजी को एक पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>पत्र पाने वाले का पता $\frac{1}{2}$<br>विषय 1<br>संबोधन $\frac{1}{2}$<br>पत्र का कलेवर 2<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | **अथवा**<br>**उत्तर :**<br>प्रेषक का पता और दिनांक 1<br>संबोधन और अभिवादन 1<br>पत्र का कलेवर 2<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>पत्र पाने वाले का पता । $\frac{1}{2}$ | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 58. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$<br>क) इंटरनेट की उपयोगिता<br>* प्रस्तावना<br>* क्षेत्र व उपयोग<br>* महत्व<br>* उपसंहार ।<br>ख) वन-महोत्सव<br>* विषय प्रवेश<br>* वृक्षों का उपयोग<br>* वनों से लाभ<br>* उपसंहार ।<br>ग) पर्यटन से लाभ<br>* प्रस्तावना<br>* पर्यटन-एक उद्योग<br>* पर्यटन का विकास<br>* उपसंहार ।<br>**उत्तर :**<br>प्रस्तावना $\frac{1}{2}$<br>विषय विस्तार 2<br>उपसंहार $\frac{1}{2}$<br>भाषा का प्रयोग । 2 | 5 |